## शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे, दुर्गंध ने जीना किया मुहाल

# कर्मचारी संघ की हड़ताल को मिला डोर-टू-डोर कर्मचारियों का समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

बीते 12 दिनों से जारी नगरपालिका कर्मचारी संघ की हड़ताल को मंगलवार को डोर-टू-डोर टिप्पर गाड़ियों से कचरा उठाने वाले कर्मचारियों का भी समर्थन मिल गया। इसके चलते शहर के कई इलाकों में कचरा उठाने वाली गाड़ियां नहीं पहुंचीं और जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए।

नगरपालिका कर्मचारी संघ के करनाल इकाई प्रधान राजकुमार ने कर्मचारियों की एकजुटता पर खुशी जताई। धरना स्थल पर इनेलो जिला प्रधान सुरजीत, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह मंजूरा, वरिष्ठ नेता जयपाल पुनिया, कांग्रेस नेता राजेश वैध तथा अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर कर्मचारियों का समर्थन किया।

राज्य नेता शारदा ने कहा कि सरकार सफाई कर्मचारियों, फायर कर्मचारियों और सीवरमैन की मांगों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंक दिलाने में कर्मचारियों की बड़ी भूमिका रही है, लेकिन अब सरकार उनके हकों पर ध्यान नहीं दे रही।

### आंदोलन और तेज करने की चेतावनी

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया तो आने वाले दिनों में लाइटमैन और कार्यालय कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल होंगे।

### ये रहे मौजूद

राजकुमार, शारदा, राजिंद्र, राजीव, विनोद प्रोचा, धर्मवीर सरोहा, बंटी अठवाल, अमित, मीना, सरोज, रेखा, संदीप त्यागी, कपिल, संदीप नरवाल व सतपाल सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

### नगर पालिका के 33 सफाई कर्मचारियों में से 26 हड़ताल पर सिर्फ सात के भरोसे सफाई व्यवस्था

**तरावड़ी।** तरावड़ी शहर में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से सफाई व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ती नजर आ रही है। इसका असर स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 पर भी पड़ सकता है। नगर पालिका के आधे से ज्यादा सफाई कर्मचारी हड़ताल पर होने के कारण शहर में जगह-जगह गंदगी फैली हुई है। शहर के नाले ब्लॉक और ओवरफ्लो हो रहे हैं, जबकि कचरे के ढेर फैली गंदगी से लोग परेशान हैं। शहरवासियों में नगरपालिका के प्रति नाराजगी साफ दिखाई दे रही है। 1 मई से हड़ताल पर कर्मचारी, मांगों पर अड़े नगर पालिका के कुल 33 सफाई कर्मचारियों में से करीब 26 कर्मचारी 1 मई से हड़ताल पर हैं। ये कर्मचारी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने और शहीद फायर कर्मियों के परिवारों को न्याय व मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। केवल 7 कर्मचारियों के सहारे चल रही शहर की सफाई व्यवस्था फिलहाल केवल 7 कर्मचारी ही शहर की सफाई व्यवस्था संभाल रहे हैं। इतने कम स्टाफ के चलते नियमित सफाई नहीं हो पा रही, जिससे हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। गुरूद्वारा के पास नाले पूरी तरह ब्लॉक हो चुके हैं। कई दिनों से सफाई नहीं होने के कारण नाला ओवरफ्लो होकर सड़क पर फैल गया है। इससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। **नगर पालिका का दावा- लगातार प्रयास जारी** नगर पालिका सचिव अजीत कुमार ने बताया कि हड़ताल के बावजूद सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारी डोर टू डोर कचरा कलेक्ट कर रहे हैं और जहां कहीं ज्यादा समस्या सामने आती है, वहां तुरंत समाधान किया जाएगा।



गुरूद्वारा के नजदीक नाले कूड़ा कर्कट से लबालब व सड़क फैली गंदगी



**करनाल।** श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते श्री सालासर बालाजी धाम के मुख्य पुजारी डॉ. नरोत्तम। फोटो : हरिभूमि

# सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं श्री बालाजी महाराज : पुजारी डॉ. नरोत्तम

■ सालासर धाम से करनाल पहुंचने पर भक्तों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री सालासर बालाजी धाम राजस्थान के मुख्य पुजारी डॉ. नरोत्तम का करनाल में बालाजी भक्तों ने भव्य स्वागत किया। सेक्टर-13 स्थित श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल के सदस्य पंकिल गोयल के निवास पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया और आशीर्वाद लिया।

इस दौरान डॉ. नरोत्तम को 15 मई को सेक्टर-12 के हुडा मैदान में होने वाले श्री राधा जागरण का निमंत्रण पत्र भी भेंट किया गया। यह आयोजन गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में होगा।

डॉ. नरोत्तम ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि बालाजी महाराज की कृपा पूरी मानवता पर बनी रहती है। उन्होंने सालासर धाम आने वाले भक्तों के अनुभव साझा करते हुए कहा कि सच्ची श्रद्धा से आने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने सेवा भावना के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

### ये रहे मौजूद

पंकिल गोयल, रामपाल गोयल, विपुल गोयल, मोहन लोधी, अजय सैनी, पीयूष बंसल, सचिन गुप्ता, राजीव जैन, सुरेंद्र कुमार व कविता सैनी मौजूद रहे।

## नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को भंग किया जाए: मुकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 रद्द होने पर हरियाणा युवा कांग्रेस ने कड़ी नाराजगी जताई है। यूथ कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रदेश वाइस चेयरमैन मुकेश चौधरी ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी लगातार परीक्षा कराने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक और अव्यवस्थाओं के कारण लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। मुकेश चौधरी ने आरोप लगाया कि भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता नहीं है और हरियाणा के युवाओं के साथ अन्याय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई असिस्टेंट प्रोफेसर साइकोलॉजी परीक्षा का परिणाम भी चौंकाने वाला रहा, जबकि हिंदी विषय में भी बाहरी राज्यों के अभ्यर्थियों का चयन अधिक हुआ है। युवा कांग्रेस ने एनटीए को भंग करने और युवाओं के हितों की रक्षा करने की मांग की।

### महापौर रेणु बाला गुप्ता की भाभी उषा गुप्ता का निधन



**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता एवं भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता के परिवार में मंगलवार को शोक की लहर दौड़ गई। उनकी ज्येष्ठ भाभी एवं श्रवण गुप्ता की धर्मपत्नी उषा गुप्ता का मंगलवार प्रातः निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। निधन की सूचना मिलते ही शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, राजनीतिक कार्यकर्ता और आमजन चौधरी कॉलोनी स्थित उनके निवास पर पहुंचे और अंतिम दर्शन किए। इस दौरान प्रशासन, सामाजिक संगठनों और व्यापारिक जगत से जुड़े लोगों ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

## सशस्त्र बलों में करियर के अवसर बताए

■ एनडीए, सीडीएस और एसएसबी इंटरव्यू की तैयारी पर विशेषज्ञों ने दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



7 हरियाणा बटालियन एनसीसी करनाल द्वारा आयोजित एनसीसी शिविर के दौरान जवाहर नवोदय विद्यालय में भारतीय सशस्त्र बलों में करियर के अवसर विषय पर करियर मार्गदर्शन सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल एसएस नेगी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

सेमिनार का संचालन स्पेक्ट्रम डिफेंस अकादमी के डिफेंस एजुकेटर एवं एसएसबी मेंटर सोहित कुमार ने किया। उनके साथ अकादमी कोऑर्डिनेटर दिव्या और मैनेजर विकास भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों को एनडीए, सीडीएस, एएफकैट और टीईएस जैसी अधिकारी प्रवेश योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही लिखित परीक्षा, एसएसबी इंटरव्यू, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास और शारीरिक फिटनेस के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई।


फर्स्ट ऑफिसर डॉ. केवल कृष्ण ने बताया कि कैडेट्स ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्षा सेवाओं में करियर से जुड़ी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। सेमिनार ने युवाओं में देशसेवा के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर सूबेदार मेजर बलराज सिंह, नायब सूबेदार संदीप कुमार, सूबेदार रोहितासवा, चीफ ऑफिसर आर.एस. तोमर, लेफ्टिनेंट ऋचा शर्मा, लेफ्टिनेंट मनीष बिसला, एएनओ प्रतिभा कुमारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कैडेट्स उपस्थित रहे।

## नियमित रूप से सुंदरकांड पाठ और मंगलवार के दिन हनुमान चालीसा का पाठ करें: प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

मॉडल टाउन तरावड़ी स्थित मनोकामना सिद्ध प्रकट बालाजी मंदिर में मंगलवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सुंदरकांड पाठ एवं सामूहिक हनुमान चालीसा का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम लगभग 4:00 बजे हुआ और सायं 7:00 बजे विधिवत संपन्न हुआ।

इस पावन आयोजन के मुख्य यजमान राजेश जैन परिवार सहित रहे, जिन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत करवाई। कार्यक्रम के दौरान महावीर मंदिर के पंडित प्रदीप पांडे जी द्वारा सुंदरकांड का भावपूर्ण पाठ किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए। पंडित प्रदीप पांडे ने सुंदरकांड के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से सुंदरकांड का पाठ करता है, उसके जीवन से दुख-दरिद्रता दूर होती है और घर में सुख, शांति व समृद्धि का वास होता है।



**तरावड़ी।** मनोकामना सिद्ध प्रकट बालाजी मंदिर मे पाठ करते पुरूष व महिला श्रद्धालु

उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रूप से सुंदरकांड पाठ और विशेष रूप से मंगलवार के दिन हनुमान चालीसा का पाठ अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए और पूरे मंदिर परिसर में जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर शहर के रंजीत भारद्वाज, जोगिंदर आहूजा सहित मंदिर के सेवादार और बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु उपस्थित रहीं।

## सभी विभाग तैयार रखें एक्शन प्लान, राहत-बचाव व्यवस्था की होगी

■ बाढ़ आपदा से निपटने को 14 को होगी मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मानसून सीजन को देखते हुए जिला प्रशासन ने बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियां तेज कर दी हैं। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि 14 मई को इंद्री के गांव जपती छपरा में सुबह 9 बजे राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों का वास्तविक अभ्यास करना है, ताकि किसी भी आपात परिस्थिति में जानमाल के नुकसान को कम किया जा सके। लघु सचिवालय सभागार में आयोजित टेबल टॉप एक्सरसाइज के दौरान डीसी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे मॉक ड्रिल से संबंधित अपना एक्शन प्लान तैयार कर पूरी तैयारी रखें। इससे पहले राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्तीय आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों को दिशा-निर्देश दिए।

डीसी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा फ्लड एक्शन प्लान तैयार कर लिया गया है। प्रभावित क्षेत्रों के लिए शेल्टर होम चिन्हित किए जा चुके हैं और इंद्री के सिविल अस्पताल में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। आवश्यकता पड़ने पर अस्पताल की क्षमता भी बढ़ाई जा सकेगी।

### असम की टीम ने साझा किए बाढ़ प्रबंधन के अनुभव

बैठक में भारत मौसम विज्ञान विभाग के निदेशक सुरेंद्र पाल ने आगामी मानसून का पूर्वानुमान प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस वर्ष मानसून सामान्य से कम रहने की संभावना है। वहीं असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की टीम ने भीषण बाढ़ से निपटने के अपने अनुभव साझा किए। टीम ने फ्लड अर्ली वार्निंग सिस्टम और इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी।

## भवन निर्माण सामग्री के रेट निर्धारित को बनाई कमेटी



**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने सरकारी भवन निर्माण कार्यों में प्रयोग होने वाली सामग्री के रेट निर्धारित करने के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी गठित की है। कमेटी में जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, पंचायती राज विभाग के कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता और बीडीपीओ घरौंडा को सदस्य बनाया गया है। मंगलवार को आयोजित बैठक में डीसी ने कहा कि कमेटी जल्द से जल्द निर्माण सामग्री के रेट संबंधी रिपोर्ट तैयार कर अपनी सिफारिशें भेजे, ताकि सरकारी निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। बैठक में जिला परिषद सीईओ अमित कुमार, डीडीपीओ कंचनलता, पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता नारायण दत्त सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बायोगैस प्लांट का होगा तकनीकी व वित्तीय ऑडिट बैठक के दौरान उपायुक्त ने घरौंडा ब्लॉक के गांव हसनपुर में निर्माणाधीन बायोगैस प्लांट की समीक्षा भी की। उन्होंने प्रपोजल से बाहर किए गए कार्यों पर सवाल उठाते हुए बजट प्रबंधन की जानकारी मांगी। डीसी ने परियोजना का तकनीकी और वित्तीय ऑडिट करवाने के निर्देश दिए।

## शहर की आठ कॉलोनियों के बहुरेंगे दिन, जलभराव से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

छह वर्ष से अटकी पड़ी शहर की सबसे बड़ी स्टार्म वाटर ड्रेन डालने की परियोजना के अब पूरा होने की उम्मीद बन गई है। रेलवे विभाग द्वारा जल्द ही इस योजना के पूरा करने के लिए कार्य शुरु किया जाएगा।

करीब 11.84 करोड़ रुपये से डाली जा रही स्टॉर्म वाटर ड्रेन का काम चांदपुर आरओबी के नीचे गुलाब नगर के पास रेलवे लाइन की वजह से रुका हुआ था। लेकिन अब इसका कार्य पहले से गति पकड़ेगा। उक्त जानकारी नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने मंगलवार को चांदपुर आरओबी के नीचे डाले जा रहे निर्माणाधीन स्टॉर्म वाटर लाइन के कार्य का निरीक्षण करते हुए दी। नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि रेलवे द्वारा जल्द ही यह काम शुरू किया जाएगा।

यह परियोजना पूरी होने पर जगाधरी से आ रहे बड़े नाले का गंदा पानी कन्हैया साहिब चौक से डायवर्ट कर स्टॉर्म वाटर लाइन में डाला जाएगा। इससे शहर की प्रोफेसर कॉलोनी, मॉडल टाउन, शक्तिनगर, टैगोर गार्डन, लाजपत नगर, हरि नगर, विजय कॉलोनी व जसवंत कॉलोनी में बड़े नाले के ओवरफ्लो होकर जलभराव करने की दिक्कत खत्म होगी।

### लोगों में स्वास्थ्य और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ रही

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने एचपीवी टीकाकरण अभियान में नब्बे फीसदी लक्ष्य हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरावड़ी मे डॉ कैलाश गर्ग वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी की देखरेख में चलाये गए एचपीवी टीकाकरण (सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका) अभियान में महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई है। सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र तरावडी द्वारा निर्धारित 310 के कुल लक्ष्य के सापेक्ष, 280 है। (90 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य पूरा) लाभार्थियों का टीकाकरण सफलतापूर्वक कर लिया गया। इस उपलब्धि से लोगों में स्वास्थ्य और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागृति बढ़ रही है। इस अभियान का उद्देश्य किशोरी लड़कियों को भविष्य में सर्वाइकल कैंसर से होने वाले खतरे से सुरक्षित करना है।



**तरावड़ी।** डॉ कैलाश गर्ग वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी बच्चों को प्रमाण पत्र देते हुये।

डॉ कैलाश गर्ग वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ने बताया, हमने अपने लक्ष्य का लक्ष्य (90 प्रतिशत हासिल कर लिया है। बाकी बचे हुए लाभार्थियों को भी जल्द ही कवर करने के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। हम सभी माता-पिता का धन्यवाद करते हैं, आगे आकर इस अभियान को सफल बनाया है।

### बच्चों के माता-पिता से बैठक शुक्रवार को

डॉ कैलाश गर्ग वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के साथ उनकी पूरी टीम द्वारा तरावडी के गीता हाई स्कूल व सरस्वती हाई स्कूल का दौरा किया गया। वहां पर भी एचपीवी टीकाकरण किया गया। इन स्कूलों में दूसरे गाँव से आने वाले बच्चों को भी इस बारे बताया गया तथा दोनों स्कूलों में बच्चों के माता पिता की आने वाले शुक्रवार को मीटिग ली जाएगी।

डॉ कैलाश गर्ग वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ने अपील की है कि जो लोग अभी भी टीकाकरण से वंचित हैं, वे स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जल्द टीका लगवाएं।

## हिन्दी कविता प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रकट की भावनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल में मंगलवार को हिंदी कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा पहली से चौथी तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी सुंदर प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कविता प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम के बच्चों ने होमवर्क का दुख एवं छुट्टी का इंतजार, द्वितीय कक्षा के बच्चों ने मां की डांट एवं अगर मेरे पास जादू होता, कक्षा तीसरी के बच्चों ने मोबाइल मेरा सच्चा दोस्त एवं परीक्षा और मेरी हालत एवं कक्षा चौथी के बच्चों ने पेट और दिमाग की बहस एवं मेरी नींद की आत्मकथा विषयों पर अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम की भव्या और खुशी ने प्रथम, कैथलीन ने द्वितीय, हरलीन व रिया ने तृतीय एवं अमायरा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा दूसरी की इश्रीती प्रथम, जान्या ओर जैसिका द्वितीय, सूजल तृतीय एवं अराध्या और काव्या को सांत्वना पुरस्कार मिला। इसी कड़ी में कक्षा तीसरी से प्रभगुण कौर एवं ताहिरा अनेजा प्रथम, तेजश डाबर द्वितीय एवं धुरव व अन्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त यिका। इसी प्रकार कक्षा चौथी से काश्वी प्रथम, रिदम क्षितीय एवं युवान आलंभन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास उतरेजा ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और उनकी रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाती हैं तथा उनकी अभिव्यक्ति क्षमता को निखारती हैं। विद्यालय की निर्देशिका पिथी चौधरी द्वारा सभी विजेता छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। इस सफल आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




### नगर खेड़ा सुधार सभा के प्रधान बने जोगिंद्र

**घरौंडा।** नगर खेड़ा सुधार सभा का चुनाव प्रक्रिया नगर खेड़े के हॉल में की गई। जिसमें सभा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से जोगिंद्र सिंह को प्रधान बनाया गया। इसी के साथ उपप्रधान रमेश कुमार, कैशियर कुलदीप राणा, सचिव पार्षद जवाहर राणा का चुना गया। नवनियुक्त कमेटी का जोरदार अभिनंदन किया गया। नवनियुक्त प्रधान जोगिंद्र सिंह ने कहा कि सभा के पदाधिकारियों ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसको निष्ठा व ईमानदारी से निर्वाह करूंगा। उन्होंने कहा कि नगर खेड़े पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने का प्रयास किया जाएगा।

■ उपप्रधान रमेश कुमार, कैशियर कुलदीप राणा, सचिव पार्षद जवाहर राणा का चुना गया

## खबर संक्षेप

### स्मैक सप्लायर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस ने 21.80 ग्राम स्मैक तस्करी मामले में सोमवार शाम को आरोपी सप्लायर शोएब निवासी कोटडा, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि इस केस में आरोपी पवन पहले से ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### नशा तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने तामशाबाद यमुना बंधा पर नशा तस्कर नाजिम पुत्र यासीन निवासी बसेडा शामली यूपी को 10 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। थानेदार सुभाष ने बताया कि आरोपी पर थाना सनौली में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया और उसे कोर्ट से पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### मदर्स डे मनाया

**पानीपत।** एलएसबीटी स्कूल में मदर्स डे मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की माताओं, अभिभावकों, शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन विरेंद्र सैनी, प्राचार्या आशा सैनी टीचर्स आदि उपस्थित रहे। जबकि विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक पेश किया।

### चार बच्चे फरार

**पानीपत।** पानीपत में शिव नगर स्थित बाल श्रमिक पुनर्वास केंद्र से चार बच्चे ताला तोड़कर फरार हो गए। वहीं, इस मामले में थाना सेक्टर-29 पुलिस ने केस दर्ज कर बच्चों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक बाल श्रमिक पुनर्वास केंद्र के वार्डन सोमदत्त ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि केंद्र में 27 बच्चे रह रहे हैं। फरार हुए चार बच्चों में से दो को रेलवे पुलिस व दो को इसराना थाना पुलिस छोड कर गई थी। पुलिस ने फरार हुए बच्चों की तलाश शुरू कर दी है।

### जीवन रक्षक की ट्रेनिंग ली

**पानीपत।** आज के समय में बढ़ते हार्ट अटैक, सड़क दुर्घटनाओं और अचानक होने वाली स्वास्थ्य आपात स्थितियों को देखते हुए लोगों को जीवन रक्षक तकनीकों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा के निर्देशों के तहत एनएफएल में प्राथमिक उपचार विषय पर एक प्रभावशाली एवं अत्यंत उपयोगी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस के फस्र्ट एड लेक्चरर संदीप रत्तेवाल द्वारा किया गया।

### बाढ़ आपदा मॉक ड्रिल 14 को

**पानीपत।** पानीपत में 14 मई को राज्य स्तरीय संयुक्त बाढ़ आपदा मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी। इसी कड़ी में जिले में भी बड़े स्तर पर बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की ओर से जिले के सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

### चौकसे बने नोडल अधिकारी

**पानीपत।** परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) से संबंधित समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए जिला प्रशासन ने नई व्यवस्था लागू की है। सीपीएस अरुण गुप्ता के निर्देशों पर जिला उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे को पीपीपी शिकायतों के समाधान हेतु जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### वृद्धा का ऑपरेशन करवाया

**इसराना।** पानीपत के गांव इसराना की खुशी राम कालोनी निवासी बेसहारा वृद्धा धनपति, मधुमेह रोग के चलते अंधी हो चुकी थी। वहीं, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से रिटायर सोना देवी ने धनपति की बेबसी को देखा और उनका उपचार कर मधुमेह को नियंत्रित किया और फिर विशेषज्ञ चिकित्सक से उनकी आंखों का ऑपरेशन अपने खर्च पर करवा कर धनपति की दुनिया को एक बार फिर रोशन किया।

### लख्मीचंद को नमन किया

**पानीपत।** दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट पानीपत द्वारा सांस्कृतिक क्षेत्र में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यो के लिए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के पानीपत कार्यालय में ओएसडी गजेंद्र सलूजा द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

---

विधायक के कार्यालय के सामने फैलाए गए कूड़े का उठान करवाया

# पानीपत में सफाई कर्मियों ने कूड़ा फैला कर प्रदर्शन किया

सरकार ने ग्रुप डी की भर्ती प्रक्रिया से बाहर रखकर सफाई कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



**पानीपत।** नगर निगम के आंदोलनरत कर्मियों द्वारा बाजार में फैलाया गया कूडा। *फोटो: हरिभूमि*

पानीपत नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को पानीपत में जुलूस निकाला और बाजार व विधायक प्रमोद विज के कार्यालय के आगे कूडा डाल कर प्रदर्शन किया। इधर, नगर पालिका कर्मचारी संघ राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि संघ और सरकार के बीच कई बार वार्तालाप हो चुकी है, लेकिन सरकार मानी गई मांगों का समाधान नहीं करती। सरकार के इस रवैये से कर्मचारियों में भारी उदासीनता है। सरकार ने उपेक्षाकृत रवैया अपनाते हुए सफाई व सीवरेज कर्मचारियों की पक्की भर्ती वर्ष 1997 से 2026 तक नहीं की है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ग्रुप डी की भर्ती प्रक्रिया से बाहर रखकर सफाई कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया है। सरकार ने सभी सामाजिक भेदभाव की सीमा पार करते हुए सभी कार्यों से ठेका प्रथा समाप्त कर ठेकों पर लगे कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल कर वेतन बढ़ोतरी व 58 वर्ष नौकरी की गारंटी कर दी। आज भी पालिका, परिषद और निगमों में वर्कआउटसोर्स, ऑपरेशनल मैंटीनेंस, डोर टू डोर व अन्य प्रकार के ठेके बादस्तूर जारी है। दूसरी ओर, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शहरी बलजीत सिंह व इनेलो जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी ने सफाई कर्मचारियों के आंदोलन कर समर्थन किया। नगर निगम के अधिकारियों ने आंदोलनकारियों द्वारा बाजार व विधायक के कार्यालय के सामने फैलाए गए कूडे का उठान करवाया।

---

# विद्यार्थियों का एनसीसी में चयन

- चयन प्रक्रिया में 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए एनसीसी कैडेट्स की चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। इस प्रक्रिया का संचालन एनसीसी बटालियन सोनीपत के सूबेदार दीपक दत्त के निर्देशन में किया गया। चयन प्रक्रिया में 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें से 46 विद्यार्थियों का चयन किया गया। प्रधानाचार्य मनीष घनगस ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों में अनुशासन,आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति की भावना विकसित करती है।



**पानीपत।** आर्य स्कूल में एनसीसी लिए छात्र की जांच करते सैन्य टीम।

### किशोर को अपने किए अपराध का अहसास..

**पानीपत।** ज्वुनाईल जस्टिस बोर्ड ने सन 2020 के एक मामले में पुलिस कर्मी पर गाड़ी चढ़ाने और सरकारी कार्य में बाधा डालने को लेकर हुए मामले में नाबालिक को उसे इस अपराध का एहसास करवाते हुए छह महीने के प्रोबेशन पीरियड़ पर छोड़ने के आदेश जारी किए हैं। इस मामले में उक्त नाबालिक को एक साल 27 दिन की कस्टडी भी दी जा चुकी है। यह मामला मॉडल टाऊन थाने से सम्बंधित था। इस मामले में एक एसपीओ का भी देहांत हो गया था। वहीं, ज्वुनाईल जस्टिस बोर्ड के प्रिंसीपल जज पुनित लिम्बा ने बताया कि इस मामले में ड्राईवर जोकि एक व्यस्क है उसकी कोर्ट ट्रायल पहले से ही चली हुई है लेकिन साथ में बैठे नाबालिक पर उसका साथ देने और सरकारी कार्य में बाधा डालने का केस दर्ज किया गया था जिसमें नाबालिक को छह महीने प्रोबेशन पीरियड़ पर छोड़ा गया है।

# एलपीजी के खाली गैस सिलेंडरों की खेप पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इसराना

पानीपत खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने पुलिस को साथ लेकर गुप्त सूचना के आधार पर गांव ब्राहमण माजरा से गांव भादड़ जाने वाली सड़क पर खेतों में बने भवन से एलपीजी के घरेलू रसोई गैस के तीस सिलेंडरों की खेप पकड़ी है। आशंका जताई जा रही है कि यहां पर एक से दूसरे सिलेंडरों से गैस भरने का काम किया जाता होगा। वहीं, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने गैस सिलेंडरों को इंपाउंड कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल से दो इलेक्ट्रिक मोटर भी बरामद कर जब्त की गई। इस अवसर पर सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी विकास रोहिल्ला, संजीव मेहरा, निरीक्षक चरणजीत सिंह ओर उप निरीक्षक रवि कुमार शमिल रहे।



**इसराना।** खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा पकडा गया गैस सिलेंडरों की खेप।

---

# मानवता की निष्काम सेवा करें विद्यार्थी

- एलएनटी कॉलेज ने छबील लगाकर राहगिरों को मीठा जल पिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा




**समालखा।** एलएनटी कॉलेज का स्टाफ राहगिरों की जलसेवा करते हुए।

एलएनटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, मछरौली, पानीपत में मंगलवार को श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ छबील का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए राहगीरों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों को ठंडा मीठा जल वितरित किया गया। इस सेवा कार्य में कॉलेज प्रबंधन, स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर कॉलेज की अध्यक्षा मीनाक्षी गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है तथा इस प्रकार के आयोजन समाज में मानवता, सहयोग एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. लोकेश कुमार ने बताया कि इस प्रकार के सेवा कार्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों एवं समाज सेवा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भविष्य में भी 16 से 14 जून तक लगातार, 23 जून व 30 जून तक यह धार्मिक कार्य निरंतर चलता रहेगा। इस अवसर पर डॉ. बलजीत, डॉ. राजेश भारद्वाज, मनीषा वत्स, डॉ. दर्शन धीमान, डॉ. सुदेश रानी, प्रदीप, सोनिया बंसल, कमल शर्मा, गोविंद चौधरी आदि मौजूद रहे।

# नारी शक्ति को दिया स्वास्थ्य का उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के इनर व्हील क्लब पानीपत, इनर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन, इनर व्हील क्लब पानीपत साउथ, इनर व्हील क्लब सेंट्रल द्वारा मातृत्व के सम्मान और महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से मदर्स डे आर्य समाज मंदिर, मॉडल टाउन में अमृत फाउंडेशन के सहयोग से निःशुल्क मैमोग्राफी एवं बोन डेंसिटी टेस्ट कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन प्रोजेक्ट चेयरमैन पीपी हर्ष नागपाल और जेडसी आकांक्षा जैन के मार्गदर्शन में किया गया। वहीं, जोन 9 के चारों क्लबों की अध्यक्ष अनीता कपूर, रूपाली चोपड़ा, रश्मि ग्रोवर और पूजा गोयल ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में डीपीसीसी पीडीसी सीमा चोपड़ा, पीडीसी डॉ.गीता गुप्ता, पीडीसी नीरू गुलगानी, अंजू गेरा आदि उपस्थित रहे।




**पानीपत।** इनर व्हील क्लब की पदाधिकारी स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

**महिला सशक्तिकरण की नींव महिला के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर टिकी**

कैंप में निःशुल्क 40 जरूरतमंद महिलाओं का मैमोग्राफी और 80 लोगों का बोन डेंसिटी टेस्ट और स्वास्थ्य परामर्श दिलवाया गया। सीमा चोपड़ा ने बताया इनर व्हील क्लब पानीपत का मानना है कि महिला सशक्तिकरण की नींव महिला के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर टिकी है। प्रोजेक्ट चेयरमैन हर्ष नागपाल ने कहा कि मदर्स डे पर माताओं को सबसे कीमती उपहार स्वास्थ्य ही हो सकता है।

---



**पानीपत।** आर्य कॉलेज में खिलाड़ी गौतम को आशीर्वाद देते हुए उपाचार्य डॉ. अनुराधा सिंह आदि। *फोटो: हरिभूमि*

## इंडोनेशिया में छाया आर्य कॉलेज का गौतम

- इंटरनेशनल साइक्लिंग ट्रैक कप में जीते तीन पदक

**पानीपत।** आर्य कॉलेज के बीए तृतीय वर्ष के छात्र गौतम ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित इंटरनेशनल साइक्लिंग ट्रैक कप वन व टू में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए ट्रैक कप टू की टीम प्रस्यूट प्रतियोगिता में रजत पदक और टीम स्प्रिंट में कांस्य पदक जीता है। वहीं ट्रैक कप वन टीम प्रस्यूट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। इधर, कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने गौतम को पुष्पगुच्छ देकर और मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए कहा कि गौतम की यह उपलब्धि केवल आर्य कॉलेज ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। एक छात्र का पढ़ाई के साथ-साथ खेल के मैदान में अंतरराष्ट्रीय फलक पर तिरंगा लहराना यह दर्शाता है कि संकल्प और अनुशासन से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश टूर्ण, डॉ. राजेंद्र देशवाल, डॉ. दिनेश गाहल्याण, राजा तोमर आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षा से वंचित हर बच्चे को स्कूल लाएंगे

- सभी बच्चों का मौलिक अधिकार है कि वो शिक्षा ग्रहण करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

राजकीय स्कूलों में प्रवेश उत्सव केवल एक अभियान ही नहीं बल्कि हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ने का संकल्प है। उक्त बातें जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव मच्छरौली में कही। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर बिना शिक्षा के नहीं रहना चाहिए।

सभी बच्चों का मौलिक अधिकार है कि वो शिक्षा ग्रहण करें। वहीं, प्राचार्या सरला देवी ने हम सब शिक्षक मिलकर उन बच्चों को स्कूल लाएंगे जो किंही कारणों से स्कूल नहीं आते। इस अवसर पर अनिल कुमार, संदीप कुमार, प्रदीप रंगा, प्रदीप कादयान, अमित कुमार, नीलम, प्रियंका, ज्योति, रेखा, सुषमा, प्रदीप, निर्मला देवी, दल सिंह, सुरेंद्र , राजेंद्र कुमार, सुनीता देवी आदि उपास्थित रहे।




**समालखा।** राजकीय स्कूल में साक्षरता बढ़ाने को नारे लगाते हुए डीईओ राकेश बूरा, टीचर्स, स्टूडेंट्स। *फोटो: हरिभूमि*

# सविता आर्य ने पुलिस के सहयोग से लड़की को जंजीर से आजाद करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

नारी तू नारायणी उत्थान समिति की अध्यक्ष सविता आर्य ने गुप्ता सूचना के आधार पर पुलिस टीम को साथ लेकर एक घर में पहुंची। इस घर में एक युवती को उसके परिजनों ने लोहे की जंजीर से बांध रखा था। पुलिस की पूछताछ में लड़की को अपने ही घर में बंधक बनाने वाले परिवार का कहना था कि लड़की घर से भाग जाती है, लड़की अभी तक दो बार घर से भाग चुकी है, वह फिर घर से ना भा जाए इस आशंका के चलते परिजनों ने उसे जंजीर से पशुओं की बांध रखा था। सविता आर्य ने पुलिस के सहयोग से लड़की को जंजीर से आजाद करवाया। वहीं, पुलिस लड़की को थाना ले आई। दूसरी ओर, हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनु भाटिया ने भी पानीपत पुलिस कप्तान को इस मामले में सख्त संज्ञान लेने को कहा है। भाटिया का कहना है कि परिवार ने ही युवती के साथ मानवता को कंलिकत किया है।



पुलिस से सहयोग से पैर में जंजीर में बंधा ताला खोलते हुए पीड़ित युवती।

---

### गोशाला में गोवंश के लिए तरबूज व खीरे की सेवा की

- कुत्तों के लिए दूध और ताजे दही की विशेष व्यवस्था की गई

**पानीपत।** फूड सेवा क्लब द्वारा अर्जुन नगर स्थित नई पहल वैलफेयर सोसाइटी गोशाला में गोवंश के लिए तरबूज और खीरे की सेवा की गई। इसके साथ ही गोशाला परिसर में रहने वाले कुत्तों के लिए दूध और ताजे दही की विशेष व्यवस्था की गई। इस अवसर पर फूड सेवा क्लब के प्रधान अक्षय मिगलानी, नई पहल वैलफेयर सोसाइटी गोशाला के प्रधान कुणाल कपूर, सागर, महेंद्र, प्रताप खुराना, कालू डोगरा, लविश, शुभम सुखीजा, रवि मिगलानी, कुणाल कपूर, सागर खुराना, मेघना, आशिमा, तमन्ना, नकुल कटारिया, आर्यन सैनी, पीयूष ग्रोवर, सौरव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**प्रतियोगि** पुरुष व महिला वर्ग में गोल्ड मेडल जीत कर हरियाणा का नाम रोशन किया

# हरियाणा ने जीती नेशनल लैक्रोस चैंपियनशिप

- चैंपियनशिप में देशभर की बेहतरीन आठ पुरुष एवं महिला टीमों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत




**पानीपत।** नेशनल लैक्रोस चैंपियनशिप में विजता हरियाणा की टीम अतिथियों केस साथ।

हिमाचल प्रदेश के सुंदरनगर स्थित एमएलएसएम कॉलेज में 10 से 12 मई तक आयोजित तीसरी फेडरेशन कप नेशनल लैक्रोस चैंपियनशिप में हरियाणा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। चैंपियनशिप में देशभर की बेहतरीन आठ पुरुष एवं महिला टीमों ने भाग लिया, जिसमें हरियाणा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल, अनुशासन और बेहतरीन टीम भावना का प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्गों के फाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में हरियाणा ने गुजरात को 11-09 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में हरियाणा ने राजस्थान को एकतरफा मुकाबले में 16-05 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। महिला वर्ग के सेमीफाइनल में हरियाणा ने छत्तीसगढ़ को 10-00 से हराया। फाइनल मुकाबले में हरियाणा की महिला टीम ने अपराजित राजस्थान को 12-09 से मात देकर स्वर्ण पदक हासिल किया। हरियाणा ने पहली बार पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों के खिताब अपने नाम किए। वहीं, विजेता टीमों का लैक्रोस एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के प्रधान महेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं टीम प्रबंधन को हार्दिक बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। जबकि संघ के सचिव डॉ. राजेश टूरण ने विश्वास जताया कि भविष्य में भी हरियाणा के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर टीम कोच राजपाल रेढ्ढ, मनदीप, टीम मैनेजर मनीष व अंजू बाला उपस्थित रही।

### श्री सनातन धर्म मंदिर में संकीर्तन में झूमे श्रद्धालु

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म मंदिर मॉडल टाऊन सभा द्वारा ज्येष्ठ मास के दूसरे बड़े मंगलवार पर मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक और सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। संकीर्तन मंडली द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। वहीं मंदिर सभा द्वारा ठंडे और मीठे जल की छबील लगाई गई। इसके अलावा मंदिर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। जबकि सायंकाल में भगवान की विशेष आरती की गई। मंदिर सभा के प्रधान तरुण गांधी ने बताया कि ज्येष्ठ के बड़े मंगलवार का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। श्रीश्री रविशंकर की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से निःशुल्क हेल्थ कैंप लगाया गया। जिसमें विशेषज्ञों द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

